तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025


13 जिपं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की जीत पर भाजपा...



13 राशन दुकान कब खुलता है पता नहीं, चिहरों के ...






K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयान आयुर्वेद पंचकर्म एंड वेलनेस सेंटर
महिला दिवस के अवसर पर दिनांक - 07 मार्च 2025, दिन-शुक्रवार, समय-सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
100% FREE
निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श (महिलाओं एवं बच्चों के लिए)
स्थान - न्यू कम्युनिटी हॉल, कांकेर (छ.ग.), मो.: 9111922122, 9111912122

डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
एम.डी.आयुर्वेद (पुणे)
डॉ. चंद्रकांता साहू
एम.डी.आयुर्वेद (रायपुर)
डॉ. अदिति श्रीवास्तव
चिकित्सक आयुर्वेद (रायपुर)


सियासत: दोनों पद पर भाजपा का कब्जा, भाजपाइयों में दिखा उत्साह

# जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर किरण और तारा की शानदार जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला पंचायत कांकेर के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर बुधवार 5 मार्च को हुए चुनाव में भाजपा का कब्जा हो गया है। कांकेर जिला पंचायत में इस बार भाजपा ने अध्यक्ष महिला सीट के लिए आरक्षित था, परंतु उपाध्यक्ष किसी को भी मौका दिया जा सकता था। भाजपा ने उपाध्यक्ष पद पर भी महिला को मौका दिया। जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी और उपाध्यक्ष दूसरी बार जिला पंचायत सदस्य बनी तारा ठाकुर को मौका मिला। भाजपा नारी सशक्तिकरण की बात करता है और जिला पंचायत में यह मौका देखने को मिला। भाजपाईयों में दोनो सीट पर भाजपा के काबिज होने से उत्साह देखने को मिला। जिला पंचायत के सभाकक्ष ▶▶|शेष पेज 13 पर




## रणनीति की हुई जीत

*अध्यक्ष का रिजल्ट आते ही भाजपाईयों में खुशी नजर आई और जिला पंचायत सीईओ कक्ष पर फोंटो खिचवानें लगे। भाजपाईयों के चेहरे खिले हुए नजर आएं। भाजपाईयों ने जो रणनीति तैयार किया था, उसमें कामयाब हासिल हुए। भाजपा के विधायक आशाराम नेताम एवं संगठन प्रमुख महेश जैन की रणनीति काम आई और यह परिणाम सामने आया। भाजपा का अध्यक्ष बनते ही विधायक आशाराम नेताम का कहना था कि भाजपा के पक्ष में विधानसभा के बाद से लगातार सभी चुनाव में भाजपा के पक्ष में परिणाम आएं है, इससे यह स्पष्ट है कि भाजपा की कार्यशैली से आमजनता खुश है। मोदी के संकल्प को पूरा करना और गांव के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ मिले, यही प्रयास भाजपा का देवतुल्य कार्यकर्ता कर रहा है।*

# एनएच-30 मरकोटोला घाट पर धान भरा ट्रक पलटा, ड्राइवर-कंडक्टर सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

धमतरी की ओर से धान से भरी ट्रक बीती रात को कांकेर की ओर आ रही थी। धान से भरी ट्रक अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में मरकाटोला घाट में पलट गई। ट्रके पलटने से धान व ट्रक क्षतिग्रस्त हुआ, वहीं ट्रक के चालक व कंडेक्टर बाल बाल बच गए। जानकारी के



अनुसार बालोद और कांकेर जिले के सीमावर्ती राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मरकाटोला घाट पर 5 मार्च की रात करीबन 12 बजे के आसपास धमतरी से लखनपुरी जा रही धान से भरी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। ट्रक चालक ने बताया कि सामने से बस तेज रफ्तार में आ रही थी, जिससे बचने के लिए ट्रक चालक ने गाड़ी को सड़क के ▶▶|शेष पेज 13 पर


online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)





# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कोण्डागांव में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

## महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण को दिया जा रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिलेभर में 24 फरवरी से 8 मार्च 2025 तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में यह पहल महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए की जा रही है।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत केरावाही, तहसील माकड़ी में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना, लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करना और महिला सशक्तिकरण योजनाओं का प्रचार–प्रसार करना रहा। कार्यक्रम के तहत जिलेभर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसमें बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता, महिला सुरक्षा, लैंगिक भेदभाव समाप्त करने और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के प्रयास किए जा रहे हैं।



### टोना–टोटका प्रताड़ना अधिनियम और लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम की दी जानकारी

महिलाओं और किशोरियों को भारतीय दंड संहिता, भारतीय नागरिक संहिता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निषेध अधिनियम, टोना–टोटका प्रताड़ना अधिनियम और लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी गई। साथ ही, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108 और स्वास्थ्य सेवा 102 जैसी आवश्यक सेवाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। सामुदायिक पंचायतों और स्वयं सहायता समूहों में महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकार, मासिक धर्म स्वच्छता, सुरक्षित मातृत्व, पोषण और एनीमिया से बचाव को लेकर भी जानकारी दी गई। महिलाओं के लिए उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता और कौशल विकास पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर मिशन शक्ति की जिला मिशन समन्वयक श्रीमती रीना सिंह ठाकुर, जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती माधुरी उसेंडी, चाइल्ड लाइन प्रतिनिधि प्रेम प्रकाश और जितेंद्र बघेल ने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

## खबर संक्षेप



### कोण्डागांव जपं में भाजपा का वर्चस्व, निकाली विजय रैली

**कोण्डागांव।** जनपद पंचायत कोण्डागांव के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज की। अनिता कोर्राम को जनपद अध्यक्ष और टोमेन्द्र ठाकुर को उपाध्यक्ष चुना गया। इस जीत के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला और जमकर आतिशबाजी की। शहरभर में कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों के साथ जश्न मनाया और मिठाइयाँ बाँटी। अनिता कोर्राम और टोमेन्द्र ठाकुर ने इस जीत को पार्टी की नीतियों और जनता के समर्थन का परिणाम बताया। भाजपा नेताओं ने इसे विकास और संगठन की जीत बताते हुए कहा कि यह परिणाम जनता का भाजपा पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। वहीं, विपक्षी दलों को इस हार से बड़ा झटका लगा है। इस जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में आने वाले चुनावों के लिए भी जोश भर गया है।

### भाई पर हत्या के इरादे से किया हमला, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**फरसगांव।** जिले के थाना फरसगांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम नयानार में 3 मार्च की रात्रि 9 बजे आरोपी नरसू मरकाम के द्वारा अपने चचेरे भाई मोतीलाल मरकाम को मेरे घर क्यो आया है कहकर पहले से रखे चाकु से मोतीलाल के पेट में मारा, तो मोतीलाल अपनी जान बचाने के लिये अपने घर के तरफ भागा। दरवाजे के पास गिरने पर पिछे से दौड़ाते आ रहा आरोपी नरसू फिर से मोतीलाल के पेट एवं सीने में चाकु से दोबारा वार किया। पीड़ित नरसू मुझे जान से मार देगा कहते हुये अपने घर की ओर गया और आंगन में खुन से लथपथ होकर गिर गया। उसके बाद घायल मोतीलाल को ईलाज हेतु 108 को फोन कर एम्बुलेंस से अस्पताल फरसगांव होते हुये जिला कोण्डागांव में भर्ती किया गया। प्रार्थी छेदीलाल मरकाम पिता रामलाल मरकाम निवासी नयानार के रिपोर्ट पर अपराध कमांक 29/2025 धारा 109 (1) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के द्वारा सख्त कार्यवाही के आदेश से एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में आरोपी नरसू मरकाम पिता श्यामलाल मरकाम निवासी नयानार स्कुल पारा थाना फरसगांव का शीघ्र पता तलाश कर दिनांक 05मार्च2025 को 13:35 बजे गिरफ्तार कर विरूद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए मामला अजमानतीय होने से आरोपी नरसू मरकाम को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल की जावेगी। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संजय सिन्दे, सउनि. सुरेन्द्र बघेल, सउनि पिताम्बर कठार, प्रधान आरक्षक मुपेन्द्र साहु, म.प्र.आर जयश्री ध्रुव, आरक्षक नारायण शार्दुल की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

## परंपरा : भीगे चावल और पुष्प वर्षा करके देवताओं का स्वागत किया

# वार्षिक मेले का शुभारंभ, आस्था और लोकसंस्कृति का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

पूरे आस्था, श्रद्धा और उल्लास के साथ कोण्डागांव वार्षिक मेले का शुभारंभ हो गया। छह दिवसीय यह पारम्परिक मेला 9 मार्च तक चलेगा, जिसमें जिले सहित बस्तर और नारायणपुर के ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही। मेले में ग्राम देवी–देवताओं के समागम के साथ पारंपरिक रीति–रिवाजों का निर्वहन किया गया। श्रद्धालुओं ने भीगे चावल और पुष्प वर्षा के साथ देवी–देवताओं की आत्मीय अगवानी की।



### धार्मिक परंपराओं और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम

कोण्डागांव मेला सिर्फ मनोरंजन का अवसर नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था और लोक परंपराओं के अनुपम समागम का प्रतीक है। देवी–देवताओं के आगमन पर विधि–विधान से पूजा–अर्चना की गई।

### जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने किया मेले का शुभारंभ



मेले के शुभारंभ अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने भी माता गुड़ी स्थल में देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना कर लोक परंपराओं का निर्वहन किया।ग्रामीणों ने पुराने विश्राम गृह से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का पारंपरिक गाजे–बाजे के साथ स्वागत कर मेला स्थल तक लाया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, पार्षद गण, एसडीएम अजय उराव, जिला प्रशासन के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

मेला स्थल पर सर्वप्रथम ग्राम पलारी की माता डोली एवं लाट, देव विग्रह ने भव्य परिक्रमा की, जिसके बाद अन्य ग्रामों के देवी–देवताओं ने अनुकरण किया। श्रद्धालु पारंपरिक छत्र, डंगई लाट एवं देव विग्रहों के साथ चलते हुए भक्ति भाव से ओतप्रोत नजर आए। पूरे मेला स्थल को ढोल–नगाड़ों, मोहरी और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि ने भक्तिमय बना दिया।

इस वर्ष भी पलारी, भीरागांव, बनजुगानी, भेलवांपदर, फरसगांव, कोपाबेड़ा, डोंगरीपारा सहित कई ग्रामों के देवी–देवता, माटी पुजारी, गायता, सिरहा–गुनिया शामिल हुए। मां दंतेश्वरी सहित सियान देव, चौरासी देव, बूढ़ाराव, जरही मावली, गपा–गोसीन, देश मात्र देवी, सेंदरी माता, दुलारदई, हिंगलाजीन माता, बाघा बसीन जैसे कई देवी–देवताओं की पारंपरिक विधि–विधान से पूजा–अर्चना संपन्न हुई।

# मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति की बैठक

## ईथेनॉल प्लांट के संचालन पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित, कोण्डागांव के संचालक मंडल की बैठक आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में ईथेनॉल प्लांट के प्रबंध संचालक विकास खन्ना द्वारा प्लांट संचालन शुरू करने के लिए आवश्यक तैयारियों और व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया। कलेक्टर ने मक्का ईथेनॉल प्लांट को बेचने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा बैठक में ईथेनॉल प्लांट की कमिश्निंग, संचालन के लिए विभिन्न निविदा आमंत्रण, प्लांट के लिए आवश्यक केमिकल्स, यीस्ट एवं एंजाइम की खरीदी और संचालन के लिए अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। बैठक में संचालक मंडल के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# एमएससी बॉटनी के छात्रों ने किया ग्रीनहाउस का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शहीद गेंद सिंह विश्वविद्यालय के एमएससी वनस्पति विज्ञान विभाग के 50 सदस्यीय दल ने डॉ. राजाराम त्रिपाठी के मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म और रिसर्च सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जैविक कृषि, प्राकृतिक ग्रीनहाउस और रिकॉर्डतोड़ काली मिर्च की नई किस्म को समझा। प्राकृतिक ग्रीनहाउस वृक्षों से निर्मित इस प्रणाली की लागत पॉलीहाउस से 20 गुना कम है और यह प्लास्टिक मुक्त टिकाऊ खेती को बढ़ावा देती है। नई काली मिर्च किस्म सामान्य किस्मों से चार गुना अधिक उत्पादन देने वाली इस फसल से किसानों को बड़ा आर्थिक लाभ मिलेगा। जैविक खेती और नवाचार, उन्नत जैविक तकनीकों से बिना रासायनिक उर्वरकों के खेती को लेकर छात्रों को जानकारी दी गई। आदिवासी सशक्तिकरण, फार्म में आदिवासी महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों के प्रसंस्करण और विपणन की प्रक्रिया को समझाया गया।

- छात्रों को दी गई बिना रासायनिक उर्वरकों के खेती जानकारी

डॉ. त्रिपाठी ने किसानों के लिए किए जा रहे नीतिगत सुधारों और जागरूकता अभियानों पर चर्चा की। प्रोफेसरों और वैज्ञानिकों ने इस फामिंर्ग मॉडल की प्रशंसा करते हुए इसे पूरे देश के किसानों के लिए प्रेरणादायक बताया। डॉ. त्रिपाठी को ग्लोबल ग्रीन वॉरियर पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। जिससे उनकी यह पहल वैश्विक स्तर पर भी सराही जा रही



# स्पेशल चाइल्ड्स के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

## कोण्डागांव की टीम हुई रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024–25 में जिले के प्रतिभागी भी शामिल होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 06 मार्च से 07 मार्च 2025 तक स्व. बी.आर. यादव खेल परिसर, बहतराई, सीपत रोड, बिलासपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को आज जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिता प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर पर आयोजित होगी, जिसमें बालक–बालिकाओं के लिए अलग–अलग वर्ग निर्धारित किए गए हैं। जिले से कुल 30 प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं।

प्रतिभागियों की सुरक्षा, सहयोग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए सहायक कार्यक्रम समन्वयक सुकटा राम मरावी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मार्गदर्शन में बीआरपी, स्पेशल एजुकेटर, अटेंडर और आया प्रतिभागियों की देखरेख एवं सहयोग के लिए नियुक्त किए गए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक ने अग्रिम शुभकामनाएं दी।

# जनपद और जिपं में भी भाजपा का वर्चस्व : केदार

## अबुझमाड़ में बजा भाजपा का डंका, बड़ी संख्या में चुनाव जीतकर आए प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत की सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी बड़ी संख्या में चुनाव जीतकर आए। वहीं बड़ी संख्या में जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, सरपंच, पंच हमारे कार्यकर्ता जीत के आए हैं। मोदी जी की गारंटी पर विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में सरकार ने जो काम किया उसका सीधा परिणाम है कि आज जनपद पंचायत, जिला पंचायत अध्यक्ष भी भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधि चुनकर आए हैं।

### मोदी को गारंटी और विष्णु के सुशासन का प्रभाव

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर संभाग में भाजपा सरकार आने के बाद विकास की गति तेजी से बढ़ने लगी है। मोदी की गारंटियों को विष्णुदेव साय सरकार ने एक वर्ष में पूर्ण करने की उपलब्धि प्राप्त की है। जिसका परिणाम आज सबके सामने है। नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। अब जिला पंचायत और जनपद पंचायतों में भी भाजपा समर्थित अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुने गए हैं। इससे स्पष्ट है कि जनता का मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन के प्रति विश्वास पक्का है।

### देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आभार

*वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारे ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने विधानसभा, लोकसभा,नगरीय निकाय चुनाव में जिस परिश्रम और योजना के साथ काम किया उसका परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ में पंचायत से लेकर विधानसभा तक भाजपा की सरकार है। जीत के पश्चात भाजपा कार्यकर्ता आगे कार्य में जुट गए हैं। हम जीत का जश्न मनाने में समय व्यर्थ नही कर रहे बल्कि आगे मोदी की गारंटी को पूरा करने के कार्य में जुट गए हैं। जन-जन को मोदी की गारंटी का लाभ मिले।*

### पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा ही भाजपा

वनमंत्रीय केदार कश्यप ने कहा कि हमने देवतुल्य के साथ मिलकर एक विजन के साथ त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में कार्य किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी के मनसा अनुरूप पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा की सरकार बनाने हम छत्तीसगढ़ वासी सफल रहे।

### कोण्डागांव पारम्परिक मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति

**कोण्डागांव।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जनकारी के अनुसार कोण्डागांव जिला मुख्यालय में पारम्परिक मावली मेले का आयोजन के दौरान प्रति दिन शाम 7 बजे से एनसीसी ग्राऊंड में स्थानीय आदिवासी लोक नर्तक दल एवं लोककला मंच के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। प्राप्त जनकारी के अनुसार 06 मार्च को बस्तर अंचल लोकरंग ग्रुप, 07 मार्च को बस्तर संस्कृति ग्रुप और 08 मार्च को रंग पुरवईया द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी।

# मशहूर फिल्म निर्देशक राजामौली व साउथ सुपर स्टार महेश बाबू पहुंचे जगदलपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

फिल्म एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए ओडिशा रवाना होने से पूर्व जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचे मशहूर फिल्म निर्देशक राजामौली व साउथ सुपर स्टार महेश बाबू की आने की खबर से फैन्स की भीड़ लग गई। कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से उन्हें ओडिशा के लिए रवाना किया गया। जानकारी के मुताबिक मशहूर फिल्म निर्देशक राजामौली व साउथ सुपर स्टार महेश बाबू सुबह चार्टर प्लेन से सुबह 11.30 बजे जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचे यहां 10 मिनट रूकने के बाद 11.40 बजे सड़क मार्ग से ओडिशा के सिमलीगुड़ा के लिए रवाना हो गए। एयरपोर्ट से लेकर ओडिशा बार्डर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया

- मिलने एयरपोर्ट में लगी फैन्स की भीड़, रही तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था



कि उन्हें कड़ी सुरक्षा के साथ फिल्म निर्माता राजामौली व अभिनेता महेश बाबू को ओडिशा बार्डर स्थित धनपुंजी तक पहुंचाया गया वहीं आगे की सुरक्षा के लिए ओडिशा पुलिस मौजूद थी जो उन्हें कोरापुट जिले के सिमलीगुड़ा तक लेकर जाएगी। बताया जा रहा है कि सिमलीगुड़ा से लगे देवमाली पहाड़ में शूटिंग करेगें। इसके लिए मुंबई से दोनों पहुंचे थे जबकि टीम के अन्य सदस्य पहले ही सिमलीगुड़ा पहुंच चुके है। शूटिंग को लेकर कोरापुट व सिमलीगुड़ा के आसपास के सभी होटल व रिसोर्ट पहले से बुक कर लिए गए है।

# विधायक ने संयुक्त वन प्रबंधन समिति को दिलाई अग्नि सुरक्षा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव


ग्राम कोहकामेटा में संयुक्त वन प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विशेष रूप से क्षेत्रीय विधायक नीलकण्ठ टेकाम उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख रूप से अग्नि सुरक्षा के विषय में चर्चा की गई। विधायक श्री टेकाम ने स्थानीय बोली में वनों से मिलने वाले लाभ और आग लगने की घटना के दुष्परिणाम जैसे पुनरुत्पादन, सूक्ष्म वन्य जीव नष्ट होना, भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होना, वन्यजीव रहवास नष्ट होने की जानकारी गई। साथ ही उपस्थित सदस्यों से वनों की आग से रक्षा की शपथ दिलाई गई और महुआ पेड़ के नीचे आग नहीं लगाने की समझाईश दी गई।

### वन प्रबंध समिति कोहकामेटा के 262 परिवार को सोलर लैम्प

वनमण्डलाधिकारी एन. गुरूनाथन ने आग लगने की घटनाओं को तत्परता से रोकने की अपील की तथा ईमली संग्रहण गुणवत्तापूर्वक किये जाने की समझाईश दी। इस अवसर पर कूप कटाई लाभांश राशि से संयुक्त वन प्रबंध समिति कोहकामेटा के 262 परिवार को सोलर लैम्प विधायक श्री टेकाम के कर कमलों से वितरित किया गया। साथ ही माता शीतला मंदिर में फेंसिंग कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। बैठक में कोहकामेटा और सिदावण्ड के सरपंच, संयुक्त वन प्रबंधन अध्यक्ष, उप वन मडलाधिकारी केशकाल, फरसगांव तथा भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी श्री गौतम उपस्थित रहे।



# डीएलएड के छात्राध्यापकों के लिए टीचिंग प्लान प्रतियोगिता



बस्तर। राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद, रायपुर, छत्तीसगढ़ और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष भी टीचिंग प्लान कम्पटीशन का आयोजन के क्रम में डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों के लिये टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का आयोजन टीचेबल वेब एप के द्वारा 5 मार्च को जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान बस्तर में सम्पन्न किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी छात्राध्यापकों के लिये पर्यावरण विज्ञान, विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में से कुछ चुनिंदा केस एवं चुनौतियां दी गईं जिसमें से सभी प्रतिभागियों ने अपने पसंद के विषय की चुनौतियों को चुन कर उस पर टीचिंग प्लान योजना का निर्माण किया एवं उसे टीचेबल वेब एप पे अपलोड किया एवं हार्डकॉपी जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान बस्तर में जमा किया। जमा की गई कुल कापियों में से सबसे बेहतर 2 टीचिंग प्लान एक प्राथमिक और एक उच्चतर प्राथमिक का चयन करके जिलाशिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा 10 मार्च तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर छत्तीसगढ़ और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के दिये गए ईमेल पे भेजा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### श्री श्रेयन आयुर्वेदा में कल निशुल्क परामर्श शिविर

**कांकेर।** आयुर्वेदिक उपचार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी श्री श्रेयन आयुर्वेदा पंचकर्म एवं वेलनेस सेंटर द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया गया है। यह शिविर शुक्रवार 7 मार्च की सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक न्यू कम्युनिटी हॉल में होगा। आयोजित शिविर में सभी वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श की भी व्यवस्था की गई है। शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञ एमडी आयुर्वेद पुणे डॉ. पल्लवी क्षीरसागर एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों की टीम भी परामर्श शिविर में उपस्थिति रहकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।

### डांगरा का एक दिवसीय वार्षिक मेला 8 मार्च को

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारडिग्गी के आश्रित ग्राम डांगरा में वार्षिक एक दिवासीय मेला 8 मार्च को ग्रामवासियों के द्वारा सर्वसम्मति से रखा गया है, जिसमें आसपास के ग्रामीण महिला, पुरुष व्यापारी शामिल होंगे। ग्रामीण बृजलाल मरकाम, रामसाय गावड़े, राजेंद्र नरेटी, जगदेव कोरेटी और परमानंद नेताम ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम डांगरा में वार्षिक मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें आसपास के ग्रामीण शामिल होंगे वहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

### मेडो में वार्षिक देव मेला 10 मार्च को

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत मेडो में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक देव मेला का आयोजन 10 मार्च को रखा गया है। आयोजन समिति युवा समिति के सदस्य सुमेश देहारी, किशोर सिन्हा, संजय नेताम, रवि समरथ, विनोद समरथ, कामेश सिन्हा, रमेश कुमार धनेलिया, संदीप दीवान, छोटू सिंहा एवं अन्य ग्रामवासियों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष में वार्षिक देवा मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें आसपास के ग्रामीण गायता पटेल देवी देवता व्यापारी ग्रामीण जनप्रतिनिधि शामिल होंगे वहीं रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का आयोजन रखा गया है कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम टुरेबंजारी जिला राजनांदगांव की प्रस्तुति की जाएगी।

### शराब पीने की दी सुविधा, दो पकड़ाए

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए लोगो के खिलाफ अबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बांदे निवासी राजू मल्लिक 4 मार्च को अवैध रूप से शराब पीने के लिए लोगो को सुविधा दे रहा था। आरोपी के कब्जे से महुआ शराब व तीन डिस्पोजल को जप्त किया। वही दूसरी कार्यवाही में आररोपी पीव्ही 81 निवासी 28 वर्षीय अरूण सरकार द्वारा शराब पीने वालो को अवैध रूप से सुविधा दे रहा था, जिसे 4 मार्च को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से देशी महुआ शराब और 3 नग डिस्पोजल को जप्त किया गया। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सार्वजनिक शराबखोरी दो पर कार्रवाई की गई

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत मेलाभाठा मैदान के पास 3 मार्च कि रात 11 बजें सार्वजनिक स्थाना पर आरोपी पीव्ही 110 निवासी संदीप राय और प्रताप सरकार शराब का सेवन कर रहें थे, जिसे छापामार कार्यवाही कर पकड़ा गया। दोनो शराबियों के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

**सियासत:** जीत के बाद किरण नरेटी और तारा ठाकुर का काफिला कमल सदन पहुंचा

# जिपं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की जीत पर भाजपा कार्यालय में मनाया गया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के कारण प्रदेश में शानदार जीत मिली है : आशाराम नेताम

जिला पंचायत में भाजपा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनने पर भाजपाईयों ने जिला पंचायत कार्यालय में ही जमकर आतिशबाजी कर एक दूसरे को बधाई दी। जिला पंचायत से नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित भाजपा का काफिला कमल सदन पहुँचा, जहां सभा में भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते संबोधित किया।

कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने एक साल पुरानी विष्णु देव की सुशासन के कार्यो पर मुहर लगाई है। हमारी सरकार ने जनता से जो वादे किए है, उसे चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रही है। जनता का विश्वास भाजपा पर बना हुआ है, जिसके कारण पहले विधानसभा, संसद और अब पंचायत चुनावों मे बंपर जीत मिली है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार ऐसे ही जनता के हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के जिला पंचायत चुनाव पर्यवेक्षक यशवंत जैन ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह का पंचायत से संसद तक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नेतृत्व करने की परिकल्पना कांकेर जिले में अब सही मायने में पूरी हुई है। यह जीत न केवल कार्यकर्ताओं की जीत है, बल्कि आम लोगों की भी जीत है, जिन्होने भाजपा पर भरोसा जताया है । उन्होने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि सत्ता में बैठकर आम जनता, गरीबों की पीड़ा का समाधान करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने नवनिर्वाचित जिला एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित सभी नव निर्वाचित पंचायत सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि जिले में भाजपा के पक्ष में अच्छा माहौल रहा, इसलिए हमें पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक सरकार बनाने लायक जीत हासिल हुई है। यह जीत कार्यकर्ताओं की जीत है।

नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने कहा कि यह जीत सिर्फ मेरी नही, हम सब की जीत है । यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं के सामूहिक जवाबदेही और जिम्मेदारी की जीत है। पार्टी ने मुझे अध्यक्ष बनाकर जो विश्वास जताया है, उस पर मैं खरी उतरने का प्रयास करूंगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने मुझे जो दायित्व दिया है, मै उसे हर संभव पूरा करने का प्रयास करूंगी। क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता में है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कामिनी उसेण्डी, दीपांकर राय, देवेन्द्र टेकाम, तिजेश्वरी सिन्हा, नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर का सम्मान किया गया ।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, आलोक ठाकुर, सतीश लाटिया, राजीव लोचन सिंह, हीरा मरकाम, अनूप सिंह राठौर, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, टेकेश्वर जैन, दिनेश रजक, पीयुष कश्यप, डिकेश खापर्डे, संजय सिन्हा, नरोत्तम चौहान, पंचूराम नायक, जीवन नेताम, अरविंद जैन, ऐनबती कोर्राम, मनोज जैन, अनुसुईया सोनवानी, प्रताप सलाम, शंकर सरकार, आसिफ शेखानी, सितम्बर कावड़े, डाकेश साहू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# शिक्षक प्रशिक्षण में पढ़ाई की पुरानी के साथ नई पद्धति की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तत्वाधान में तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम बैच में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित शासकीय शिक्षकों का 27 फरवरी से 1 मार्च तक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई एवं समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर द्वारा आईआईटी भिलाई में प्रशिक्षण किया।

संस्था के डायरेक्टर ने बताया कि कैसे शिक्षकों को अपने विद्यालय में सीखने सिखाने की प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना चाहिए और पुरानी पद्धति को साथ लेते हुए नई पद्धति को कैसे अपनाना चाहिए है तथा सीखने की प्रक्रिया को कैसे रोचक बनाना चाहिए। शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के मशीनों को कार्य प्रणाली पर हमको ज्ञान दिया गया जैसे कि मल्टीपरपज इलेक्ट्रॉन एमिशन मशीन आदि को दिखाया गया। प्रध्यापक डॉ. गगन राज गुप्ता के स्कॉलर निकित जायसवाल ने स्कूलों में अटेंडेंस का काम होना ड्रॉप आउट की परसेंटेज बढ़ाना पर चर्चा किया। बताया कि उनके डिपार्टमेंट के द्वारा फिजिक्स के जरिए स्कूल की पढ़ाई को मंगरोक्षक तरीके से बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है बच्चों को स्कूल में रोकने के लिए उसका बहुत सारे एक्सपेरिमेंट हम बच्चों को बिना किसी एक्स्ट्रा खर्च के घर पर ही बनाकर दिखाएं जिससे बच्चों में उत्सुकता पैदा हो। आधुनिक मशीनों को कार्यप्रणाली को समझाया और यह बताया कि कैसे आजकल सभी कार्य मशीनों के द्वारा रोबोटिक्स के जरिए थ्रीडी प्रिंटिंग के द्वारा विभिन्न वस्तुओं का निर्माण सीएनसी लेथ मशीनो का उपयोग होता है।

तीन दिवस के शेड्यूल में केमिस्ट्री, फिजिक्स, मैथ्स एवं इंजीनियरिंग के एप्लिकेशन के माध्यम से बच्चों को हमारे आसपास हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान को समझाते हुए शिक्षण कार्यों को रुचिकर बनाने में कार्य करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में कांकेर जिले से शिखर सोनी, नारायण सिंह, सूर्यकांत कुंबकर, ऋतु कोठारी, कैलाश गुप्ता, आगेश्वर मरकाम, आशीष कुमार गवेल ने हिस्सा लिया।

# उपसरपंच पद निर्वाचन का प्रशिक्षण आठ को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के जनपद क्षेत्र में शांतिपूर्ण सफल आयोजन के उपरांत छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 17 के अंतर्गत ग्राम पंचायत के उपसरपंच पद के लिए निर्वाचन के लिए 5 मार्च बुधवार को जनपद पंचायत के सभागार में 44 ग्राम पंचायतों के उप सरपंच निर्वाचन के लिए जिला कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के आदेशानुसार पीठासीन अधिकारियों को उप सरपंच निर्वाचन के लिए स्थानीय निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) केतन भोयर तहसीलदार, सुरेंद्र बंजारे मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल, आरके किशोरे निर्वाचन शाखा प्रभारी के उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर्स मनीष गौतम व संजय वस्त्रकार के द्वारा 54 पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत के उप सरपंच का चुनाव 8 मार्च को सुबह 11 बजे से प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाएगा।

# नाबालिग के अपरहण की आशंका, पुलिस जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




बैंक जाने के लिए घर से निकली लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। नाबालिग के पिता ने अज्ञात के खिलाफ बेटी के अपहरण का मामला दर्ज कराया है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी गई।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीड़ित ने पुलिस को बताया कि मैं राजनांदगांव जिला का निवासी हू और वर्तमान में कांकेर जिला में रहकर जीवन यापन कर रहा हूं। मेरी बड़ी बेटी 4 मार्च की सुबह साढ़े 9 बजें बैंक जाने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक वापिस नही आई, आसपास व रिश्तेदारों के यहां पता तलाश किया गया, लेकिन कही पता नही चला। मेरी नाबालिक बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया। नाबालिग के अपहरण की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बाइक की ठोकर से लड़की घायल चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




शहर कांकेर के जवाहर वार्ड में घर के बाहर खड़ी लड़की बाईक की टक्कर से घायल हो गई। घायल को ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चोट ज्यादा अधिक होने के कारण उसे हायर सेंटर रिफर किया गया। घायल के पिता थाना में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे जवाहर वार्ड कांकेर निवासी 57 वर्षीय मुकेश खटवानी ने पुलिस को बताया कि 24 फरवरी की रात करीबन पौने 10 बजें मेरी बेटी खुश्बू खटवानी घर के सामने खड़ी थी। उसी समय संजय नगर की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएम 4622 जिसमें तीन लोग सवार थे, उस वाहन का चालक मोटर सायकल को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाते हुए घर के बाहर खड़ी मेरी बेटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरी बेटी के दाहिने पैर, बांए हाथ में चोट आई है। ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने चोट गंभीर होने के कारण 25 फरवरी को हायर सेंटर रिफर कर दिया।

ईलाज के कारण उस समय शिकायत करने नहीं आ सके। हायर सेंटर से वापिस आने के उपरांत प्रार्थी के द्वारा शिकायत करने पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएम 4622 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बीमा कंपनी अदा करेगी वाहन मरम्मत व्यय की 8 लाख और देगी मानसिक क्षतिपूर्ति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को आवेदक को बीमित वाहन के मरम्मत व्यय की 8 लाख रूपए दिए जाने एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 10 हजार रूपए दिया जाएगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया है।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी सुशील झा द्वारा अपनी ट्रक का बीमा वर्ष 2021 में ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर से करवाया गया था। आवेदक की वाहन वर्ष 2022 में एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। आवेदक द्वारा बीमा कंपनी को दुर्घटना की सूचना दिए जाने के पश्चात बीमा कंपनी द्वारा सर्वे के माध्यम से क्षतिग्रस्त वाहन का सर्वे कराया गया था। बीमा कंपनी द्वारा परमिट से संबंधित दस्तावेज वैध एवं प्रभावी नहीं होने का कारण बताते हुए आवेदक का क्षति दावा निरस्त कर दिया गया था, जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक के द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि राष्ट्रीय परमिट उन वाणिज्यिक वाहनों को जारी किया जाता है जो भारत के राज्यों में माल या यात्रियों का परिवहन करते हैं। राज्य परमिट उन वाहनों को जारी किया जाता है जो भारत के किसी विशेष राज्य के भीतर माल या यात्रियों का परिवहन करते हैं। राष्ट्रीय परमिट वैध रहता है यदि वाहन अपने राज्य में पंजीकृत है। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बीमा दावा को निरस्त किया जाना सेवा में कमी एवं व्यवसायिक कदाचरण मानते हुए आवेदक को हुई मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 10 हजार रूपए पृथक से दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।

# गलत पार्किंग से बाइक सवार की मौत, ट्रक चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत माटवाड़ा मोड़ के पास सड़क में खड़ी ट्रक से बाईक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें एक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि 8 फरवरी को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केपी 5518 में सवार होकर समीर गोटा एवं उसका दोस्त विजय कुंजाम अमोड़ा जा रहे थे। उक्त मोटर सायकल को विजय कुंजाम चला रहा था। ग्राम माटवाड़ा मोड़ के पास शाम करीबन पौने 7 बजे बीच रोड़ में लापरवाही पूर्वक एवं बिना कोई सूचना एवं साकेतिक चिन्ह के ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 1665 खड़ा था, जिसमें मोटर सायकल ट्रक के पीछे टकराकर एक्सीडेंट हो गया, जिससे चालक विजय कुमार कुंजाम एवं मोटर सायकल के पीछे बैठे समीर गोटा को ईलाज के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज दौरान समीर की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 125 (ए), 285, 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# सीएस ने वीसी पर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली

**कांकेर।** प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के कलेक्टर्स की बैठक लेकर कई विंदुओ पर चर्चा करते हुए जानकारी लिया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग व एनएचएआई के अधीन भूमि अधिग्रहण, मुआवजा एवं सड़कों के निर्माण की प्रगति के संबंध में जिलेवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली, जिसमें रायपुर से विशाखापट्टनम भारतमाला परियोजना भी शामिल रहा। इसके पश्चात उन्होंने माओवाद प्रभावित क्षेत्र में सड़क मार्ग व मोबाइल टावर की कनेक्टिविटी के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। मुख्य सचिव ने राज्य की प्रक्रियाधीन परियोजनाओं के अंतर्गत आने राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित जिला स्तर पर लंबित विभिन्न कार्यों के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश कलेक्टर को दिए।

## पेज 11 के शेष...

### जिला पंचायत अध्यक्ष...

में 5 मार्च को चुनाव का आयोजन किया गया था और सुबह 11 बजे सदस्यों की उपस्थिति होना था। निर्धारित समय पर जिला पंचायत के 13 सदस्य तारा ठाकुर, सुलोचना मेश्राम, मृदुला भास्कर, सावित्री संजना वट्टी, तेजस्वनी सिन्हा, किरण नरेटी, देवेंद्र टेकाम, देवलाल नरेटी, गुप्तेश उसेंडी, कामिनी उसेंडी, दीपांकर राय, सुनीता मंडल पहुँच गए थे। 13 सदस्यों में से भाजपा के 7 अधिकृत,कांग्रस के 04, आप से 01 और निर्दलीय 01 जिला पंचायत सदस्य जीतकर आएं थे। उपस्थित होने के उपरांत चुनाव प्रकिया शुरू किया गया। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने किरण नरेटी को प्रत्याशी बनाया वहीं कांग्रेस ने झरना ध्रुव को नामांकन दाखिल किया। मतदान के उपरांत मतगणना प्रारंभ हुआ, जिसमें भाजपा के प्रत्याशी किरण नरेटी को 10 और कांग्रेस के प्रत्याशी झरना ध्रवु को 03 मत मिले। परिणाम आने के उपरांत कांग्रेस के 04 जिला पंचायत सदस्य एक दूसरे का मुँह ताकने लगे, यह चारों महिलाएं थी। कांग्रेस का एक वोट क्रास हो जाने से कांग्रेसियों के चेहरे उतर गए और कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं थे। आधा घंटा बाद उपाध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल की प्रकिया प्रारंभ किया गया, जिसमें भाजपा की ओर से दूसरी बार जिला पंचायत सदस्य बनी तारा ठाकुर ओर कांग्रेस की ओर से सुलोचना मेश्राम ने नामांकन दाखिल किया। तारा ठाकुर को 09 और सुलोचना मेश्राम को 04 मत मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस का वोट क्रास नहीं हुआ।

**जिला पंचायत परिसर में उपस्थित**

**कांग्रेसियों के उतरे चेहरे-** अध्यक्ष का परिणाम आने के उपरांत कांग्रेस के उपस्थित वरिष्ठों को पता चला कि अध्यक्ष के लिए कांग्रेस के अधिकृत जीतकर आने वाले 04 जिला पंचायत सदस्य में से किसी एक ने क्रास वोटिंग किया, उसी के चलते कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी को केवल 03 वोट मिले। कांग्रेसियों के चेहरे उतर गए और वरिष्ठों ने चारों जिला पंचायत सदस्यों पर नाराजगी जताया। नाराजगी का यह परिणाम रहा कि उपाध्यक्ष के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को 04 वोट मिले। अध्यक्ष के मतदान के समय किस सदस्य ने क्रास वोटिंग किया, उसकी पतासाजी में कांग्रेस के सीनियर नेता जुट गए है। उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

**चुनाव ड्यूटी में शामिल अधिकारी-** जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव करवाने में जिला पंचायत सीईओ हरीश मंडावी, अपर कलेक्टर व पीठासीन अधिकारी अरूण वर्मा, पंचायत विभाग के डिप्टी डायरेक्टर कमल सिदार, तहसीलदार पुष्परात पात्र एचं चुनाव में संलिप्त अमला उपस्थित रहा।

### एनएच-30 मरकोटोला...

किनारे किया। इसी दौरान ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। हादसे के वक्त ट्रक में चालक और कंडक्टर मौजूद थे, लेकिन दोनों सुरक्षित हैं। हालांकि ट्रक में भरा सारा धान सड़क पर बिखर गया। सड़क किनारे फैले धान को दूसरी गाड़ी में लोड किया गया। मरकाटोला घाट पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। मरकाटोला घाट दुर्घटनाओं के नाम से जाने जा रहा है, इस पर कमी अएं, इसके लिए बालोद जिले के यातायात अफसर ध्यान नहीं दे रहे है और उसी का परिणम है कि लगातार घटनाएं हो रही है।

# राशन दुकान कब खुलता है पता नहीं, चिहरों के हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिहरो के उचित मूल्य की दुकान पर सरकारी राशन का समय पर वितरण एवं दुकान नहीं खोलने का मामला सामने आया है।

मौके पर उपस्थित हितग्राहियों का कहना है कि ग्राम पंचायत चिहरो में गुलालबोडी एवं चेमल गांव आते है जो 3 किमी.की दूरी पर है, जब भी राशन लेने दुकान आते है, दुकान पर ताला लगा रहता है। दुकान संचालक गायब रहता है। गांव के लोग 5 मार्च को बड़ी संख्या में राशन लेने बुजर्ग आएं, लेकिन दुकान पर ताला लगा हुआ था। हितग्राही रामप्रसाद दुग्गा, छबिलाल उयके, रसियाराम ध्रुवु, नरोतम पटेल, देवेन्द्र मडावी, प्यारेलाल उयके, कुम्हार साम उग्गा वितऊराम पटेल ने बताया कि केन्द्र और राज्य सरकार आर्थिक संकट से गुजर रहे गरीबों को राहत दिलाने चावल मुफ्त में बांट रही है, लेकिन राशन दुकान में गरीबों के एक पर डाका डाला जा रहा है। यहाँ प्रत्येक माह राशन तो आता है, दुकान पर किसी को भनक तक नहीं लगता, कहाँ गायब हो जाता है। हर माह बराबर राशन नहीं मिलता है। 30 प्रतिशित हितग्राहियों का राशन हर माह बाकी रहता है। दुकान कब खुलता है, कब नहीं ज्यादातर लोगों को पता नहीं चलता। हितग्राहियों ने दुकान संचालक को समय पर दुकान खोलने एवं समस्त कार्डधारको को हर माह राशन देने की मांग किया है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


मान. श्री अरुण साव जी
के कांकेर आगमन पर स्वागत... अभिनंदन
श्रीमती किरण नरेटी जी
के जिला पंचायत अध्यक्ष
श्री अरुण कौशिक
के नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर
भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता की ओर से
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
किरण नरेटी
जिला पंचायत अध्यक्ष कांकेर
अरुण कौशिक
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, कांकेर
मा. अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री
मा. आशाराम नेताम
विधायक कांकेर
मा. नंदकुमार ओझा
पूर्व उपाध्यक्ष न.पं. चारामा
तारा ठाकुर
निखिल राठौर
राधेलाल नाग
नारायण शाह
प्यारेलाल देवांगन
ओम प्रकाश साहू
ढाल सिंह सिन्हा
गौतम लुंकण
उमा शर्मा
विजय मण्डावी
भागी साहू
हेमेन्द्र बंटी ठाकुर
सुशील निषाद
महावीर उसेण्डी
जयश्री सिन्हा
दीपक सोनकर
सत्येन्द्र गुप्ता
धर्मेन्द्र सोनकर
अजय जगवानी
सुरेश बंटी सबनानी
जगदिश्वर साहू पार्षद
संतोष ओझा पार्षद
उत्तम साहू पार्षद
अंजु सोनकर पार्षद
रजनी यादव पार्षद
तुलसी कुंजाम पार्षद
संदीप मेश्राम पार्षद
लोकेश सोनकर पार्षद
महेंद्र तुलावी, गोपाल दुर्गासी, गीता देवांगन, मोतीलाल देवांगन, ईश्वरी देवांगन, अशोक देवांगन, शैलेष देवांगन, मिथलेश देवांगन, संजय सोनकर, परमेश्वर सोनकर, त्रिभुवन सोनकर, बिहारी देवांगन, नागेश, संजय राठौर, परमेश्वर यादव, अंकित जैन, गोपाल साहू, विक्रांत गजभिए, बनवानी सेन, वंशी सेन, स्वप्न बोस, रूपेश देवांगन, अंकित शर्मा, संतोष नाहर, बसंत सोनकर, जागेश्वर सिन्हा, पालू कान्हेकर, खुशी जोतवानी, पुष्पा देवांगन, करन निर्मलकर, विजेंद्र सिन्हा, राजेंद्र ओझा, ओमप्रकाश देवांगन, अमृत सिन्हा, कुबेर गजेंद्र, कमल सबनानी, रसीद पटेल, मुकेश सिन्हा, अजय जगवानी, भोज सोनी, माधव जैन, श्रवण देवांगन, शिव ठाकुर, उदय कुंजाम, चेतना चौहान।


नगरपालिका परिषद् कांकेर के
नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का
शपथ ग्रहण समारोह
दिनांक - 06 मार्च 2025
दिन - गुरूवार
समय - दोपहर 2.00 बजे से
स्थान - शेड प्रांगण
नया बस स्टैण्ड
कांकेर (छ.ग.)
मा. अरुण साव
उप मुख्यमंत्री
मा. आशाराम नेताम
विधायक
अरुण कौशिक
नवनिर्वाचित अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, कांकेर
नवनिर्वाचित पार्षदगण
विनीत : नगर पालिका परिषद, कांकेर